Maharshi Dayanand University Rohtak

1d ·

रोहतक, 24 अप्रैल। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा आज दीन दयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवलपमेंट और दीनदयाल उपाध्याय चेयर के सहयोग से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया।
इस कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने स्वागत भाषण दिया और राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रो. संजीव कुमार महाजन (एचपीयू, शिमला) ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। जिला परिषद, महेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष डा. राजेश कुमार कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। विशिष्ट अतिथि योगी वचनाई नाथ की विशेष उपस्थिति कार्यक्रम में रही।
मुख्य वक्ता प्रो. महाजन ने 73वां संविधान संशोधन के प्रावधान जैसे आरक्षण, पंचायतों के कार्य, शक्तियां एवं महत्व के बारे में विस्तार पूर्ण व्याख्या की और पंचायतों के सैद्धांतिक प्रारूप का जिक्र किया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कुमार ने पंचायतों के व्यवहारिक प्रारूप को आम भाषा में सब विद्यार्थियों के सामने पेश किया। उन्होंने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, सरपंच पति, ग्राम सभा, पढ़ी लिखी पंचायतें ओर इनकी सफलता की कहानियां साझा की।
विशिष्ट अतिथि योगी नाथ ने शिक्षा, सकारात्मक सोच, पंचायतों के माध्यम से समाज कल्याण को एक विकसित समाज का अहम हिस्सा बताया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. समुंदर सिंह ने किया। लोक प्रशासन विभाग के प्रो. राजेश कुमार कुंडू द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ. जगबीर नरवाल, डॉ. सुमन लता सहित सभी शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

"Government is Finance"
- Lloyd George
" Budget is the life blood
of the government."
- Aaron Wildavsky

"Government is Finance"
- Lloyd George
" Budget is the life blood
of the government."
- Aaron Wildavsky

(8)

L-1013-10,000

MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication: दैनिक भास्कर 'रोहतक भास्कर'

Date: 25-04-24 Page: 3 Column: 3-4

Subject: एमडीयू में मनाया गया पंचायती राज दिवस

एमडीयू में मनाया गया पंचायती राज दिवस

रोहतक | एमडीयू में लोक प्रशासन विभाग ने दीन दयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवलपमेंट और दीनदयाल उपाध्याय चेयर के सहयोग से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया। विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। एचपीयू शिमला से प्रो. संजीव कुमार महाजन, जिला परिषद महेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, सरपंच पति, ग्राम सभा, पढ़ी लिखी पंचायतें ओर इनकी सफलता की कहानियां साझा की। विशिष्ट अतिथि योगी नाथ, डॉ. समुंदर सिंह, प्रो. राजेश कुमार कुंडू विचार रखे। इस दौरान डॉ. जगबीर नरवाल, डॉ. सुमन लता सहित सभी शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

"A communication that cannot be understood can have no authority."
- Chester Barnard

(7)

L-1013-10,000

MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication: दैनिक जागरण 'जा० सिटी रोहतक'

Date: 25-04-24 Page: 04 Column: 3-5

Subject: पंचायतों के सैद्धांतिक प्रारूप की दी जानकारी

पंचायतों के सैद्धांतिक प्रारूप की दी जानकारी

जागरण संवाददाता • रोहतक : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा बुधवार को दीन दयाल उपाध्याय सेंटर आफ एक्सीलेंस फार रूरल डेवलपमेंट और दीनदयाल उपाध्याय चेयर के सहयोग से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने स्वागत भाषण दिया और राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रो. संजीव कुमार महाजन (एचपीयू, शिमला) ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। जिला परिषद, महेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष डा. राजेश कुमार कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। विशिष्ट अतिथि योगी वचनाई नाथ की विशेष उपस्थिति कार्यक्रम में रही।

एमडीयू के लोकप्रशासन विभाग में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया व अन्य।

प्रो. महाजन ने 73वां संविधान संशोधन के प्रावधान जैसे आरक्षण, पंचायतों के कार्य, शक्तियां एवं महत्व के बारे में विस्तार पूर्ण व्याख्या की और पंचायतों के सैद्धांतिक प्रारूप का जिक्र किया। मुख्य अतिथि डा. राजेश कुमार ने पंचायतों के व्यवहारिक प्रारूप को आम भाषा में सब विद्यार्थियों के सामने पेश किया। उन्होंने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, सरपंच पति, ग्राम सभा, पढ़ी लिखी पंचायतें और इनकी सफलता की कहानियां साझा की। विशिष्ट अतिथि योगी नाथ ने शिक्षा, सकारात्मक सोच, पंचायतों के माध्यम से समाज कल्याण को एक विकसित समाज का अहम हिस्सा बताया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. समुंदर सिंह ने किया। लोक प्रशासन विभाग के प्रो. राजेश कुमार कुंडू द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

एमडीयू में मनाया गया पंचायती राज दिवस

रोहतक | एमडीयू में लोक प्रशासन विभाग ने दीन दयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवलपमेंट और दीनदयाल उपाध्याय चेयर के सहयोग से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया। विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। एचपीयू शिमला से प्रो. संजीव कुमार महाजन, जिला परिषद महेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, सरपंच पति, ग्राम सभा, पढ़ी लिखी पंचायतें ओर इनकी सफलता की कहानियां साझा की। विशिष्ट अतिथि योगी नाथ, डॉ. समुंदर सिंह, प्रो. राजेश कुमार कुंडू विचार रखे। इस दौरान डॉ. जगबीर नरवाल, डॉ. सुमन लता सहित सभी शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।